# उत्तराखण्ड मुक्त विष्वविद्यालय, हल्द्वानी
# महत्वपूर्ण उपलब्धियाँः जनवरी 2018

## महामहिम राज्यपाल के दीक्षान्त उद्‌बोधन का यूनिवर्सिटी न्यूज में प्रकाषन

भारतीय विश्वविद्यालय संघ की जनवरी 15–21, 2018 की साप्ताहिक पत्रिका "University News" में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 14 नवंबर, 2017 में माननीय श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड द्वारा दिये गये दीक्षान्त भाषण का प्रकाशन हुआ है।

## रिस्पना नदी के पुर्नजीवन हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की सहभागिता

निदेशक, परिसर देहरादून के निर्देशन में **उत्तराखण्ड राज्य सरकार** के द्वारा चलाये जा रहे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के अर्न्तगत रिस्पना नदी के पुर्नजीवन के प्रयासों के लिये मैपिंग एवं स्वच्छता अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में 69वें गणतंत्र दिवस के दिन माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत जी एवं शहरी विकास मंत्री श्री मदन कौशिक जी द्वारा रिस्पना पर आधारित एक प्रतिवेदन का विमोचन किया गया। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गॉव मोथरोवाला के गुरु राम रॉय स्कूल में अध्ययनरत छात्रों को जोड़कर रिस्पना नदी के पुर्नजीवन हेतु स्वयंसेवकों के टॉस्क फोर्स का गठन किया गया।



*माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत जी, शहरी विकास मंत्री श्री मदन कौषिक जी तथा विष्वविद्यालय परिसर निदेषक प्रो0 दुर्गेष पंत द्वारा रिस्पना पर आधारित एक प्रतिवेदन का विमोचन करते हुए।*



*विष्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गॉव मोथरोवाला के गुरु राम रॉय स्कूल में अध्ययनरत छात्रों को जोड़कर रिस्पना नदी के पुर्नजीवन हेतु फोर्स का गठन करते हुए।*

## मा‍ननीय सांसद द्वारा विश्वविद्यालय के देहरादून परिसर कार्यालय का निरीक्षण

मा‍ननीय सांसद डॉ0 रमेश पोखरियाल "निशंक" जी द्वारा दिनॉक 25/01/2018 को विश्वविद्यालय के परिसर देहरादून का भ्रमण किया गया। जिस अवसर पर मा‍ननीय सांसद जी को विश्वविद्यालय के विभिन्न क्रिया कलापों एवं दूरस्थ शिक्षा के प्रचार प्रसार में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया।





*मा‍ननीय सांसद डॉ0 रमेश पोखरियाल "निशंक" जी विश्वविद्यालय के परिसर कार्यालय देहरादून का निरीक्षण करते हुए।*

## विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों का UGC/NET में चयन

नवम्बर 2017 में विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने **UGC/NET तथा JRF** की परीक्षा देकर में सफलता प्राप्त की है जिसका विवरण इस प्रकार है।

| क्रम संख्या | विद्यार्थी का नाम | परीक्षा |
|---|---|---|
| 1 | देवेन्द्र कुमार लोहनी | NET- JRF |
| 2 | दिनेश मुदगल | NET- JRF |
| 3 | सपना यादव | NET- JRF |
| 4 | सूरजपाल | NET |
| 5 | परविन्दर कोर | NET |
| 6 | नन्द किशोर | NET |
| 7 | अवराज मीना | NET |
| 8 | नरेन्द्र कुमार | NET |
| 9 | श्रमिला | NET |
| 10 | अखिलेष | NET |
| 11 | विक्रम खानी | NET |
| 12 | पुष्पा | NET |

क्रम संख्या 1 में श्री देवेन्द्र कुमार लोहनी जिन्होने NET- JRF की परीक्षा उत्तीर्ण की है इनकी जन्म तिथि 19-11-1961 है जो 57 वर्ष के है तथा सरकारी नौकरी करते हैं।

इससे पूर्व माह जून 2017 में विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने **UGC/NET** की परीक्षा देकर में सफलता प्राप्त की थी।

## बी0एड0(विशिष्ट शिक्षा)


उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कार्यशाला, मौखिकी एवं शिक्षण परीक्षा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुयी।

गढ़वाल मंडल के समस्त परीक्षा केन्द्र में विद्यार्थियों की शिक्षण परीक्षा दिनांक 06/01/2017 को हे.न.ब.गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय, पौड़ी परिसर में आयोजित हुयी, जिसमें वाह्य विशेषज्ञ डॉ देवेश्वरी काला एवं आंतरिक विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल उपस्थित रहे| उक्त कार्यशाला में 38 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ,राजपुर रोड, देहरादून में बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण

गढ़वाल मंडल के ऋषिकेश, रुड़की, हरिद्वार, डाकपत्थर परीक्षा केन्द्र में नामांकित विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण कौशल आधारित कार्यक्रम दिनांक 09/01/2018 को श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज देहरादून जिसमें 176 विद्यार्थियों द्वारा एवं दिनांक 10/01/2018 को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ,राजपुर रोड में 50 विद्यार्थियों द्वारा एवं मुस्कान (विशेष बच्चों का आवासीय विद्यालय), तपोवन देहरादून में आयोजित हुयी जिसमें 126 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा देहरादून परीक्षा केन्द्र में नामांकित विद्यार्थियों की दिनांक 11/01/2018 को श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज देहरादून एवं दिनांक 12/01/2018 को शिक्षण परीक्षा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ,राजपुर रोड एवं मुस्कान (विशेष बच्चों का आवासीय विद्यालय), तपोवन में आयोजित हुयी जिसमें वाह्य विशेषज्ञ डॉ गीतिका मेहरोत्रा एवं जगदीप कौर एवं आंतरिक विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल उपस्थित रहे|



*मुस्कान (विशेष बच्चों का आवासीय विद्यालय), तपोवन में बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण*




*मुस्कान (विशेष बच्चों का आवासीय विद्यालय), तपोवन में बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण*

कुमाऊँ मंडल के हल्द्वानी एवं किच्छा परीक्षा केन्द्र में नामांकित विद्यार्थियों (कुल 136) द्वारा शिक्षण दिनांक 17/01/2018 को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के मुख्य परिसर एवं दिनांक 18/01/2018 को शिक्षण परीक्षा दून कॉन्वेंट स्कूल, बरेली रोड एवं रोशनी (विशेष बच्चों का विद्यालय), जगदम्बा नगर, मुखानी रोड में आयोजित हुयी जिसमें 76 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजन में वाह्य विशेषज्ञ डॉ रामशंकर सक्सेना एवं आंतरिक विशेषज्ञ डॉ कल्पना पाटनी लखेड़ा एवं डॉ सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल उपस्थित रहे|

कुमाऊँ मंडल के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, रानीखेत, नाचनी, रामनगर, जसपुर परीक्षा केन्द्र में नामांकित विद्यार्थियों (कुल 60) द्वारा शिक्षण कार्यशाला दिनांक 19/01/2017 को दून कॉन्वेंट स्कूल, बरेली रोड एवं रोशनी (विशेष बच्चों का विद्यालय), जगदम्बा नगर, मुखानी रोड में आयोजित हुयी।

# प्रवेष

**विश्वविद्यालय** की प्रचलित व्यवस्थानुसार ग्रीष्मकालीन सत्र 2017–18 के प्रवेश की तिथि दिनांक 25 सितंबर, 2017 को समाप्त हो गई थी किन्तु जो छात्र प्रवेश लेने से वंचित रह गये थे उनके लिए **विषेष प्रवेष प्रक्रिया**, **विश्वविद्यालय** की कार्य परिषद की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार शुरू की गई थी जिसकी प्रवेश प्रक्रिया 26 दिसम्बर, 2017 से 10 जनवरी 2018 तक थी किन्तु छात्रों के बढ़ते प्रवेश को देखते हुये यह तिथि 20 जनवरी, 2018 तक विस्तारित की गई। ग्रीष्म कालिन सत्र जो कि माह मई से सितंबर तक था उसमें प्रथम वर्ष में 18,397 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया। विशेष प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत प्रथम वर्ष में 16,044 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया। इस प्रकार ग्रीष्मकालीन सत्र 2017–18 में अब तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में कुल 48,269 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया।

इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार ऑनलाइन माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने के अभिप्रेरित किया, जिसके आशातीत परिणाम प्राप्त हुए | अधिकांश छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश लिया गया तथा उनका यह मानना है कि इस माध्यम से प्रवेश लेने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं आई है | लेकिन प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्र जहाँ किन्ही तकनीकी कारणों से प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश नहीं ले सकते, उनकी सुविधा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आठों क्षेत्रीय केन्द्रों के सभी अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों के साथ बैठक कर उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विवरणिका उपलब्ध कराई गई ताकि प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी ऑफलाइन माध्यम से समय पर प्रवेश ले सकें | विश्वविद्यालय के इस प्रयास से भारत सरकार की डिजिटल क्रांति को और बल मिला है |



*विशेष प्रवेश अवधि के दौरान छात्र सहायता पटल*

विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की सहायता हेतु विशेष प्रवेश अवधि के दौरान छात्र सहायता पटल की सुविधा छात्रों को **विश्वविद्यालय** मुख्यालय तथा देहरादून कैंपस में उपलब्ध कराई गई। डॉ0 घनश्याम जोशी व डॉ0 प्रीति बोरा द्वारा ईस छात्र सहायता पटल के माध्यम से छात्रों

को प्रवेश फॉर्म, शुल्क, अध्ययन सामग्री, सत्रीय कार्य तथा परीक्षा के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

दिनांक 25 जनवरी, 2018 से शीतकालीन सत्र 2017–18 प्रारम्भ हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 15 मार्च, 2018 तथा विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च, 2018 है।

## परीक्षा

दिनांक 01 दिसम्बर 2017 से 29 दिसम्बर 2017 तक आयोजित वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा के समस्त पाठ्यक्रमों का 90 प्रतिशत परीक्षाफल दिनांक 31 जनवरी 2018 तक घोषित कर दिया गया है। घोषित परीक्षा परिणामों में विज्ञान विद्याशाखा, प्रबंध एव ंवाणिज्य विद्याशाखा, समाज विज्ञान विद्याशाखा, मानविकी विद्याशाखा, ग्रामीण विज्ञान विद्याशाखा, होटल प्रबन्ध विद्याशाखा, पत्रकारिता एवं मीडिया स्टडिज विद्याशाखा व शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम शामिल है। परीक्षाफल वार्षिक केलेन्डर के अनुरूप समय से घोषित किये जा रहे है।

परीक्षा परिणामों में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की डिजिटल हस्ताक्षरित अंकतालिका ऑन लाईन उपलब्ध है।

जनवरी माह में 345 मूल उपाधियॉ, 40 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाणपत्र वाहक/डाक से प्रेषित की गई।

## बी0एड0 (विशिष्ट षिक्षा) के अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यषाला

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून में दिनॉक 29 जनवरी 2018 को शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के अन्तर्गत संचालित बी0एड0–विशेष शिक्षा के अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की एक कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें विश्वविद्यालय से आये डॉ0 सिद्धार्थ पोखरियाल द्वारा बी0एड0–विशेष शिक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा तैयार आगामी रूपरेखा से सभी समन्वयकों को अवगत कराया गया। निदेशक, परिसर देहरादून द्वारा समन्वयकों के साथ विस्तृत विचार विमर्श किया गया।



*अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों द्वारा बी0एड0–विषिष्ट षिक्षा के की कार्यषाला में प्रतिभाग*



## सामाजिक सरोकार

*कार्यषाला में प्रतिभाग करते परिसर निदेषक प्रो0 दुर्गेष पंत*



*विष्वविद्यालय परिवार द्वारा जरूरतमंदों को कपड़े वितरित करते हुए*

- सर्दी के मौसम और कोहरे के रूप में भयानक ठण्ड को देखते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय परिवार ने सम्मिलित रूप से एक मानवीय प्रयास का आयोजन किया | विश्वविद्यालय के लगभग सभी सदस्यों अपने-अपने घरों से घरेलू सामान और गर्म कपड़े जमा कर आस-पास रह रहे जरुरतमंदों को वितरित किए | विश्वविद्यालय परिवार द्वारा जमा किये गए अधिकाँश कपड़े ऊनी एवं गर्म थे, जो जरूरत के आधार पर बहुत छोटे बच्चों, किशोरों, महिलाओं और बुजुर्गों में वितरित किये गए| **‘सदाशय’** नाम से आयोजित इस कार्य में विश्वविद्यालय परिवार का योगदान रहा तथा यह प्रयास अब भी जारी है |

- दिनांक– 22/01/2018 को 12वीं के छात्र ईशान पथिक ने प्रथम काव्य संग्रह 'मैं उस जन्नत को मागूँगा' का विमोचन विश्वविद्यालय के सभागाार में हुआ। विमोचन करने हुए मुख्य अतिथि कुलसचिव आर0सी0 मिश्र ने ईशान की रचनाओं की तारीफ की। विशिष्ट अतिथि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिसौली के प्राचार्य डॉ0 ए0पी0 सिंह ने ईशान पथिक को साहित्य जगत का ऐसा नन्हा बीज कहा जो भविष्य में अनंत विस्तार पायेगा। प्रो0 पी0डी पंत ने उसे शहर की शान बताया। पुस्तक की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रो0 शशांक शुक्ल ने ईशान की कविताओं को सहज सरल मन को छू लेने वाली बताया।ईशान पथिक सेंट थेरेसा सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में 12वीं का छात्र है। शिक्षिका नीना पंत व दीपा काण्डपाल ने भी कविताओं पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि 16 वर्षीय ईशान पथिक का इतनी कम अवस्था में काव्य संग्रह प्रकाशित होना उनकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## पाठ्य सामग्री निर्माण

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की स्व अध्ययन सामग्री का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसमें समाज शास्त्र, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, वाणिज्य, होटल प्रबंध, प्रबन्ध अध्ययन, इतिहास व ज्योतिष विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष/सेमेस्टर की स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, भूगोल (स्नातक) व गृह विज्ञान (परास्नातक) पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष की स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण कर लिया गया है तथा इनके संपादन का कार्य किया जा रहा है।

आगामी सत्र में प्रस्तावित बी0लिब0 पाठ्यक्रम के दोनों सेमेस्टरों की स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

## 'हैलो हल्द्वानी' से प्रसारित कार्यक्रम



*वेटनरी डॉक्टर कमल पंत, निशांत शर्मा व श्वेता यादव के साथ वार्ता करती हुई सुनीता भाष्कर*

- खेती किसानी प्रोग्राम में तीन वेटनरी डाक्टर्स से बातचीत सुनीता भास्कर के साथ (उत्तराखंड में पशुओं की देखभाल, इलाज, वैक्सीनेसन व पशुओं की नस्ल संबंधी परिदृश्य पर बात हुई। सबसे अधिक दूध देने वाली होलेस्टन फ्रीजन गाय कितनी अनुकूल है उत्तराखंड के लिए, चंपावत की जर्सी गायें क्यों हैं लोकप्रिय, उत्तराखंड की देशी गाय को बद्री नाम से किसने व कब दी मान्यता. आमदनी व उत्पादन के लिहाज से नयी ब्रीड की गायें बहुत उपयुक्त हैं लेकिन रोगों से बचना है इम्यून सिस्टम अच्छा चाहिए तो देशी गाय के दूध का कोई विकल्प नहीं। पशुओं में कौन–कौन से रोग हैं प्रमुख। ये सब चर्चाएं वेटनरी डाक्टर कमल पंत, निशांत शर्मा व श्वेता यादव के साथ हुई।
- प्रोग्राम मुलाकात में कुमांऊ विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर पद से सेवानिवृत, उत्तरा पत्रिका की संपादक व जन आंदोलनों व पद यात्राओं में सक्रिय प्रो0 उमा भट्ट

से भूपेन सिंह की बातचीत (उत्तराखंड के जन आंदोलन, पद यात्राओं व राज्य आंदोलन व महिलाओं के मुद्दों पर बातचीत)

- बच्चों की दुनिया प्रोग्राम में नाटककार बच्चों से बातचीत भूपेन सिंह के साथ (बच्चों की जुबान से ऐसे ऐसे शब्द और परिभाषाएं कि बड़े बड़े विद्वान भी दंग रह जाएं। ऐसी हाजिर जवाबी कि बस मन करे कि इन बच्चों से बतियाते ही रहें। रुद्रपुर में भोजन का सफर नाटक का मंचन कर रहे इन बच्चों की टोली से इसमें बात की गई है। भोजन का सफर नाटक में कोई बच्चा अमाशय बना है तो कोई जिगर और कविता के अंदाज में अपने डायलॉग बोल रहा है Bal Vigyan Khojshala और Rudrapur & Creative Uttarakhand पहल पर हुए इस नाटक के किरदारों से इस प्रोग्राम में बातचीत की गई है।
- हैल्दी हल्द्वानी में धर्मशीला नारायण अस्पताल के तीन डाक्टरों से बातचीत सुनीता भास्कर के साथ। (बदलती जीवन शैली व खानपान ने हमारे स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित किया है, इसमें कोई दोराय नहीं। शायद इसीलिए ही हेल्थ सेक्टर में बतौर सिंडीकेट देश भर में काम कर रहे (कथित तौर पर सेवाएं दे रहे) हास्पिटल्स को भी अपने लिए नये बाजार तलाशने पड़ रहे हैं। हल्द्वानी भी मेट्रो सिटी बनने की ओर अपने पांव बढ़ा रहा है तो लाजिमी है कि हेल्थ सेक्टर के लोग यहां भी अपने लिए जमीन तलाशें। उत्तराखंड में पहली बार धर्मशीला नारायण सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल अपना आगाज कर रहा है। जिसकी ओपनिंग रुद्रपुर व हल्द्वानी से हो चुकी है पिछले दो दिनों में बतौर ओपीडी सेवा में ज्यादा तामझाम लोगों का भरोसा मिलने पर जुडेंगा। अफोर्डेवेल प्राइस इस ग्रुप का नारा है। उत्तराखंड के लोगों के हेल्थ स्टेटस पर क्या मानना है इस ग्रुप का. इस ग्रुप के तीन डाक्टरों (डा0 असित अरोड़ा ग्रेस्ट्रो सर्जन, डा0 सुजीत नारायण आर्थो सर्जन व डा. अभिनव जैन यूरो व किडनी सर्जन) से इस विषय पर बातचीत की गई है।



*धर्मशीला नारायण अस्पताल के तीन डाक्टरों से बातचीत सुनीता भास्कर के साथ।*

- प्रोग्राम मुलाकात में पिथौरागढ़ के पत्रकार प्रिंटिंग के व्यवसायी व पत्रिका हिमालय प्रयास के संपादक कमल पाठक से भूपेन सिंह की बातचीत। (पिथौरागढ़ में प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार कितना फैला है साप्ताहिक अखबार व मासिक पत्रिकाएं कितनी निकल रही हैं और आगे क्या संभावनाएं हैं, प्रिटिंग में क्या क्या नयी तकनीकि आ

गई हैं इन्हीं मुद्दों पर बहुत रोचक व विस्तृत जानकारी हमारे इस खास प्रोग्राम मुलाकात में है।

- प्रोग्राम मुलाकात में जी0बी0पंत विवि पंतनगर में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर वीर सिंह से बातचीत भूपेन सिंह के साथ। (तीन दर्जन से अधिक किताबें प्रो0 वीर सिंह की अभी तक आ चुकी हैं। पर्यावरण विज्ञान पर लेखन के अलावा उपन्यास व कविताएं भी वह लगातार लिखते हैं। जीवन में कविता, विज्ञान और प्रेम के अंतर्संबंधों पर व्यापक चर्चा इस प्रोग्राम में की गई है। पतंनगर विवि में स्कूल आफ कम्युनिकेशन के प्रो0 रह चुके वीर सिंह ने संचार के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।
- प्रोग्राम मुलाकात में अर्थशास्त्र के शिक्षक पटवाडांगर स्कूल में अर्थशास्त्र के शिक्षक विनोद जीना से भूपेन सिंह की बातचीत। (सरकारी स्कूलों की संभावनाओं पर, शिक्षकों की भूमिका, मॉडल स्कूलों की उपयोगिता व शिक्षा नीतियों पर विस्तार से बातचीत की गई। विनोद जीना शिक्षा में प्रयोगों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने उत्तराखंड के मॉडल स्कूलों में चल रहे प्रयोगों से अवगत कराया।)
- प्रोग्राम साहित्य से दोस्ती में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर शशांक शुक्ला व डा0 राजेन्द्र कैड़ा से भूपेन सिंह की बातचीत। (आधुनिक जीवन में स्त्री पुरुष के बीच की जटिलताओं के सबसे बड़े कथाकार मोहन राकेश को उनके जन्मदिवस के बहाने याद किया गया। आधे अधूरे व लहरों के राजहंस जैसी रचनाएं लिखने वाले इस प्रयोगधर्मी नाटककार उपन्यासकार व कथाकार के जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई।)
- प्रोग्राम विज्ञान की दुनिया में आईजेक न्यूटन के 374 वें जन्मदिवस पर उत्तराखंड मुक्त विवि के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर कमल देवलाल, रसायन विज्ञान के प्रो. चारू पंत और जन्तु विज्ञान के प्रो0 डा0 श्याम कुंजवाल से भूपेन सिंह की बातचीत।
- प्रोग्राम साहित्य से दोस्ती में साठोत्तरी कहानी आंदोलन के प्रमुख स्तंभ व वरिष्ठ साहित्यकार डा. दूधनाथ सिंह के निधन पर उत्तराखंड मुक्त विवि के प्रो. शशांक शुक्ला से सुनीता भास्कर की चर्चा। (उनके रचना संसार व हिंदी में उनके योगदान पर बातचीत)
- प्रोग्राम यंग हल्द्वानी में करियर संबंधी बातचीत सक्सेस करियर प्वाइंट के ओनर गिरीश लोहनी से अनिल नैलवाल की बातचीत।
- 69वॉ गणतंत्र दिवस पर एक रेडियो रिपोर्ट सुनीता भास्कर के साथ

इसके अलावा रोजाना समसामयिक विषयों पर कई छोटे–छोटे कार्यक्रम प्रसारित किए गए। हैलो हल्द्वानी ने कविता, कहानी व नाटकों के पाठ का सीधा प्रसारण भी शुरु किया है। कोशिश है कि जल्द ही रेडियो को रिकार्डेड कार्यक्रमों की अधिकता के बजाय सीधे प्रसारण के मोड में लाया जाएगा।

# योग कार्यषालाऐं

योग विभाग द्वारा माह जनवरी, 2018 में योग विषय की 10 दिवसीय कार्यशालायें सम्पन्न करायी गयी है।

दिनांक 10 जनवरी 2018 से 19 जनवरी 2018 तक एम0 ए0 योग प्रथम वर्ष (MAY-17) की कार्यशाला वेद निकेतन धाम, हरिद्वार में सम्पन्न हुयी जिसमें 390 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 10 जनवरी 2018 से 19 जनवरी 2018 तक एम0 ए0 योग द्वितीय वर्ष (MAY-17) की कार्यशाला वेद निकेतन धाम, हरिद्वार में सम्पन्न हुयी जिसमें 282 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



*योग कार्यशाला में योगासन करते विद्यार्थी*

दिनांक 14 जनवरी 2018 से 23 जनवरी 2018 तक योग विज्ञान में डिप्लोमा, स्नातक प्रथम वर्ष (DYS-17/BA-YOGA 1st Year ) की कार्यशाला पावन धाम, हरिद्वार में सम्पन्न हुयी जिसमें 425 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 14 जनवरी 2018 से 23 जनवरी 2018 तक योग विज्ञान में डिप्लोमा, स्नातक प्रथम वर्ष (DYS-17/BA-YOGA 1st Year ) की कार्यशाला पावन धाम, हरिद्वार में सम्पन्न हुयी जिसमें 170 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 22 जनवरी 2018 से 31 जनवरी 2018 तक एम0 ए0 योग प्रथम वर्ष (MAY-17) की कार्यशाला वेद निकेतन धाम, हरिद्वार में सम्पन्न हुयी जिसमें 318 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 22 जनवरी 2018 से 31 जनवरी 2018 तक एम0 ए0 योग प्रथम वर्ष (MAY-17) की कार्यशाला वेद निकेतन धाम, हरिद्वार में सम्पन्न हुयी जिसमें 297 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



**माननीय कुलपति स्काईप के माध्यम से योग छात्रों को सम्बोधित करते हुए।**

उपर्युक्त कार्यशालाओं में 10 दिन तक प्रतिदिन विविध प्रयोगात्मक एवं तकनीकी सत्रों का लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ है। प्रयोगात्मक सत्रों में विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक श्री ललित मोहन के नेतृत्व तथा

कार्यक्रम संयोजक डा0 भानु जोशी के दिशानिर्देश में प्रातःकाल कुल 24 महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा योग प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रतिदिन योगिक षटकर्म, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्धों तथा ध्यान का अभ्यास शिक्षार्थियों को कराया गया।

सायंकाल प्रयोगात्मक परीक्षा की दृष्टि से विद्यार्थियों को कठिन आसन भी करायें गये। प्रतिदिन 2 तकनीकी सत्र विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए रखे गये जिसमें योग के विविध सैद्धान्तिक पक्षों की जानकारी अलग–अलग विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की गई। तकनीकी सत्रों में देश के अलग–अलग संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से आये विषय विशेषज्ञों का लाभ प्रतिभागियों को मिल रहा है। जिसमें डा० अमृत लाल गुरूर्वेद्र, एसो0 प्रोफेसर देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, निसर्गाचार्य डी0 एन0 शर्मा डा0 मलिक आर0 प्रताप योग विभाग राज0 एम0 बी0 पी0 जी0 कालेज, हल्द्वानी डा0 नित्यातनन्द शर्मा असि0 प्रोफेसर कोटा मुक्त विश्वविद्यालय, पदमश्री भारत भूषण, डा0 पूजा कौशिक डा0 सुरेन्द्र कुमारडॉ विजय सिह, डॉ संतोष विश्वशकर्मा, डा0 अर्पिता नेगी, डा0 लक्ष्मी नारायण जोशी, डा0 घनश्याम ठाकुर तथा कार्यक्रम संयोजक योग विभाग डा0 भानु प्रकाश जोशी ने समय–समय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।



श्री युद्धवीर जी योग विभाग के विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए

पावन धाम हरिद्वार में दिनांक 22 जनवरी 2018 को कुलपति जी ने कार्यशाला स्थल में पधार कर योग की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यमान प्रांत प्रचारक श्री युद्ववीर जी ने नये विद्यार्थियों को शूक्ष्म व्यायाम तथा खेल–खेल में योग विषय पर व्याख्यान तथा कियात्मक अभ्यास कराया। इनके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि प्रांत संगठन मंत्री, उत्तराखण्ड श्री बृजेश बनकोटी द्वारा योग की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में उत्तराखण्ड के क्षेत्र प्रचारक श्री जगदीश जी तथा विभाग प्रचारक, हरिद्वार श्री शरद जी मौजूद थे।

## <u>अकादमिक गतिविधियॉ</u>

- डॉ0 प्रवीण कुमार तिवारी, सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशस्त्र द्वारा दिनांक 28/01/2018 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तराखण्ड एवं पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कर्तव्य बोध एवं राष्ट्र निर्माण विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय प्रस्तावक के रूप में व्याख्यान दिया गया।

- डॉ0 नन्दन कुमार तिवारी, सहायक प्रध्यापक, ज्योतिष द्वारा दिनांक 31/01/2018 से 2/2/2018 तक वेदों में ज्योतिष तथा विज्ञान नामक विषय पर लखनउ विश्वविद्यालय के ज्योर्ति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

## अन्य गतिविधियॉं

- Commonwealth of Learning, COMMONWEALTH EDUCATIONAL MEDIA CENTRE FOR ASIA (CEMCA) द्वारा प्रकाशित न्यूज़ लैटर (CEMCA Newsletter Vol 03 No 04 January 2018 Website(1)) में विश्वविद्यालय द्वारा Commonwealth of Learning के सहयोग से OER's विषय पर आयोजित कार्यशाला से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं को प्रकाशित किया गया | (विस्तृत रिपोर्ट संलग्नक–घ)



CEMCA Newsletter की कवरेज

- 23 जनवरी 2018 को यूओयू कैम्पस देहरादून व 25 जनवरी, 2018 को विश्वविद्यालय परिसर हल्द्वानी में पत्रकारिता विभाग के सभी डिप्लोमा व डिग्री के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा का आयोजन किया गया। देहरादून में 10 व हल्द्वानी में 9 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए।
- दिनांक 26 जनवरी 2018 को, देश का 69वां गणतन्त्र समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो0 नागेश्वर राव द्वारा झण्डारोहण व सामूहिक राष्ट्रीय गान के उपरांत विगत स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त 2017) से अब तक की प्रगति एवं उपलब्धियों की आख्या प्रस्तुत की गई।
- माह जनवरी, 2018 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त, शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्याशाखाओं के शिक्षकों के व्याख्यानों की वीडियो रिकार्डिंग, वर्ष 2017-18 (शीतकालीन सत्र) में प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा से सम्बन्धित कार्य, विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।